# कुलानुशासक मण्डल

# जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

**// छात्रों के लिये दिशा–निर्देश //**

1. रैगिंग एक आपराधिक कृत्य है, किसी भी रूप में यह एक गम्भीर एवं दण्डनीय अपराध है। रैगिंग न करें और न ही उसे चुपचाप सहें, तुरन्त सूचना दें। रैगिंग में लिप्त छात्रों के विरूद्ध माननीय सर्वोच्च न्यायालय के दिशा–निर्देशों एवं रैगिंग निषेध से संबंधित विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के विनियम, 2009 के अनुसार सख्त कार्यवाई की जायेगी, जिसमें पुलिस द्वारा की जाने वाली कठोर कार्यवाई भी शामिल है।
2. मोबाइल का सदुपयोग करें, डिजिटल पदचिन्ह कभी नहीं मिटते। सोशल मीडिया पर आपकी गतिविधियाँ आपके व्यक्तित्व की पहचान बन जाती हैं। इसलिये सोशल मीडिया का प्रयोग सोच–समझकर एवं सावधानीपूर्वक करें। स्क्रीन टाईम कम करने का प्रयास करें।
3. वाहन चलाते समय मोबाइल का उपयोग न करें। टू–व्हीलर चलाते समय हेलमेट अवश्य पहनें। नियमों का पालन करें और भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठायें।
4. विश्वविद्यालय परिसर को स्वच्छ रखें एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक रहकर अपनी जिम्मेदारी निभायें।
5. परिवार एवं समाज में एक–दूसरे के प्रति आपसी सहयोग, सद्‌भाव, समानता और भाईचारे का भाव रखें।
6. परिवार संस्कारों की पहली पाठशाला है। आपसी संवाद बनाये रखें एवं एक–दूसरे की भावनाओं का सम्मान करते हुये पारिवारिक मूल्यों की रक्षा करें।
7. यथासंभव स्वदेशी वस्तुओं का प्रयोग करें। स्वदेशी हमारे स्वाभिमान का भी प्रतीक है।
8. संविधान में निहित मूल अधिकारों के साथ–साथ अपने मूल कर्तव्यों का भी निष्ठा से पालन करें। केवल लेने का ही नहीं कुछ देने का भाव भी रखें।

9. समय पर खाना, समय पर सोना एवं समय पर जागना, अर्थात् नियमित दिनचर्या अपनाकर अपने शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनायें। याद रहे, पहला सुख निरोगी काया।

10. रैगिंग, अनुशासनहीनता एवं सुरक्षा संबंधी किसी भी समस्या की स्थिति में तुरन्त और निःसंकोच संपर्क करेंः–

| | |
|---|---|
| **प्रो. एस. के. सिंह**<br>कुलानुशासक | **9425339300, 9425789000**<br>***Email:*** *shivkumar67@gmail.com* |
| **प्रो. नवनीत गरूड़**<br>संयुक्त कुलानुशासक | **9425117028**<br>***Email:*** *navneetgarud@gmail.com* |
| **डॉ. राम शंकर**<br>संयुक्त कुलानुशासक | **8989132558**<br>***Email:*** *indiaman2008@gmail.com* |
| **डॉ. निमिषा जादौन**<br>संयुक्त कुलानुशासक | **8463826999**<br>***Email:*** *nimisha09@yahoo.com* |

26.07.2025

**प्रो. एस. के. सिंह**
कुलानुशासक
जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर